# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–06 जून2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन आज महानगर के सूरजकुंड कॉलोनी में करीब चार करोड़ बावन लाख रुपये की लागत से बने शहर के दूसरे कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया। निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के मांगलिक कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कल्याण मंडपम समुचित दरों पर उपलब्ध करवाने का प्रावधान है।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर नगर निगम कल्याण मंडपम की पहल करने वाला प्रदेश का पहला नगर निगम है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मार्ट सिटी विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि हमे इसे सेफ सिटी में भी बदलना है, जहां बेटी, व्यापारी और बच्चों सहित सभी लोग सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और साफ सफाई के लिए मोहल्ला समितियां बनाने का भी सुझाव दिया।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि नगर निगम द्वारा प्रस्तावित पचहत्तर बेड का वर्किंग वुमेन हॉस्टल लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के नाम पर बनेगा। उन्होंने लोगों से योग दिवस को भव्यता के साथ मनाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने नगर निगम के विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले दस कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर सदर सांसद रवि किशन शुक्ल और महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव सहित कई अन्य जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद रहे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण का आदेश दिया। दोपहर बाद उन्होंने भटहट ब्लॉक के पिपरी में बने आयुष विश्वविद्यालय का भी निरीक्षण किया। इस विश्वविद्यालय का उद्घाटन आगामी तीस जून को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा प्रस्तावित है।

**********

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने आज नई दिल्ली में उम्मीद केन्द्रीय पोर्टल की शुरूआत की। श्री रिजीजू ने कहा कि यह पोर्टल वक्फ संपत्ति प्रबंधन और प्रशासन में पारदर्शिता लाएगा।

***आज वक्फ अमेंडमेंट एक्ट का पहला सबसे बड़ा इम्प्लीमेंटेशन का प्रोसेस शुरू हो गया है। यह उम्मीद पोर्टल ये डिजिटल तरीके से सारे वक्फ प्रॉपर्टीज का मैनेजमेंट इस तरीके से करता है जिसके चलते कोई दुरूपयोग न कर सकें। कोई उसके छुपा न सकें, न इसको किसी तरीके से गुमराह कर सकें। पूरे ट्रांसपेरेन्ट तरीके से ये काम करें।***

**********

देश में पिछले दशक के दौरान सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण नीतियों के तहत उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों और उपलब्धियों पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम देश के सभ्यतागत गौरव को स्थापित करने वाले सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण प्रयासों का उल्लेख कर रहे हैं।

**भारत की सांस्कृतिक यात्रा का पिछले एक दशक में चहमुखी विस्तार हुआ है। हम्पी के कालातीत मंदिरों से लेकर शास्त्रीय संगीत और नृत्य की जीवन परंपराओं तक सरकार ने मूर्त और अमूर्त दोनों विरासतों को नई ऊर्जा दी है। अयोध्या में राम मंदिर आस्था और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में स्थापित है, वहीं वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर परियोजना के माध्यम से प्रतिष्ठित काशी विश्वनाथ मंदिर को गंगा नदी से सीधे जोड़कर तीर्थयात्रियों के अनुभव को सुखद बनाया है। उज्जैन में महाकाल लोक परियोजना को विश्व स्तरीय सुविधाएं और आध्यात्मिक माहौल प्रदान करने के लिए शुरू किया गया। दूसरी ओर हिमालय में केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के पुनर्विकास के माध्यम से इन पवित्र मंदिरों में जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए बुनियादी ढांचे और सुरक्षा को मजबूत किया गया है। इन प्रयासों को आगे बढ़ते हुए हृदय योजना के जरिए 12 विरासत शहरों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। भारत विदेशों से 350 से अधिक मूर्तियां और कलाकृतियों को सफलतापूर्वक वापस लाया है। अक्षित वैद्यान आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को नीट–पीजी दो हजार पचीस की परीक्षा तीन अगस्त को एक ही पाली में आयोजित करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले यह परीक्षा पंद्रह जून को निर्धारित थी, लेकिन बोर्ड ने परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक समय की मांग की थी।

**********

भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जर्मनी पहुंच गया है। जर्मनी में भारत के राजदूत अजित गुप्ते ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। श्री प्रसाद ने ब्रुसेल्स में बेल्जियम चैंबर्स रिप्रेजेंटेटिव के सदस्य पीटर डी. रोवर से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ एकजुटता व्यक्त करने के लिए श्री रोवर का आभार व्यक्त किया। इस बीच पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में कल रात कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने वॉशिगटन में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात की।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित आसपास के कई अन्य जिलों में आज दिन में तेज धूप के साथ साथ कई बार बादल भी आते–जाते रहे, हांलाकि मौसम विज्ञान विभाग ने दस जून तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश में ग्यारह जून और उसके बाद बारिश की संभावना है।

**********